विषय :- **भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण में दिनांक 07 फरवरी, 2025 को सरकारी कार्यालयों में हिंदी मानक वर्तनी का प्रयोग विषय पर आयोजित हिन्दी कार्यशाला की प्रस्तुति।**

भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण में राजभाषा नियमानुसार सभी स्तर के पदाधिकारियों के लिए दिनांक 07 फरवरी, 2025 को हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें **सरकारी कार्यालयों में हिंदी मानक वर्तनी का प्रयोग विषय** पर मागदर्शन हेतु अतिथि वक्ता डॉ० रवि शर्मा, प्रोफेसर श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया।

सर्वप्रथम, निदेशक महोदय ने अतिथि वक्ता डॉ० रवि शर्मा, प्रोफेसर श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स तथा कार्यशाला में उपस्थित सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया और तत्पश्चात् डॉ० रवि शर्मा को सरकारी कार्यालयों में हिन्दी मानक वर्तनी का प्रयोग विषय पर प्रतिभागियों का मार्गदर्शन करने का अनुरोध किया। डॉ० रवि ने देवनागरी लिपि और मानक हिन्दी वर्तनी के संबंध में प्रतिभागियों को विस्तार से बताया कि हिन्दी वर्तनी का मानकीकरण कब हुआ। हमें सरकारी कामकाज में मानक हिन्दी वर्तनी का उपयोग किस प्रकार करना चाहिए और हिन्दी टाइपिंग करते हुए किन मानक शब्दों का प्रयोग किया जाए। इसके साथ ही, उन्होंने सभी प्रतिभागियों को इस संबंध में व्यापक जानकारी प्रदान की और प्रतिभागियों को मानक हिंदी वर्तनी के शुद्ध व अशुद्ध शब्द भी बताएं।

अंत में, सदस्य सचिव ने डॉ० रवि शर्मा का आभार व्यक्त किया कि उन्होंने प्रतिभागियों को काफी उपयोगी जानकारी प्रदान की है, जोकि प्रतिभागियों को हिन्दी में अपना कामकाज करने में उपयोगी सिद्ध होगी।

अंत में, डॉ० रवि शर्मा, प्रोफेसर श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स और प्रतिभागियों का धन्यवाद देते हुए हिन्दी कार्यशाला का समापन किया गया।

दिनांक 07.02.2025 को "सरकारी कार्यालयों में हिंदी मानक वर्तनी का प्रयोग" विषय पर हिंदी कार्यशाला के आयोजन की झलकियां